तापमान
अधिकतम 44.2 डिग्री
न्यूनतम 31.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 मई 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज



हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद, Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### जहर सेवन करने से युवक की मौत

**महासमुंद**। जहर सेवन करने से मौत के मामले में सांकरा थाना में मर्ग कायम किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी को किशोर प्रधान पिता गहन प्रधान 34 साल निवासी सरायपाली ने अज्ञात कारण से जहर सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

### अवैध शराब बिक्री करते युवक गिरफ्तार

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने 28 मई को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पाण्डेपाली से आरोपी चुम्मन निषाद पिता सेतुराम 33 साल से शराब बिक्री करने वास्ते रखे 3 हजार एमएल महुआ शराब कीमती 600 रूपए को जब्त कर आबकारी एक्ट धारा 34 (1) का अपराध कायम कर कार्यवाही में लिया गया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**महासमुंद**। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया और कोटेनदरहा के बीच सड़क पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से बारात में आए युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल को रूपसिंग जगत ग्राम बिछिया बारात गया था। रात करीब 10:30 बजे रोड़ पार करते समय उसे ट्रैक्टर क्र. सीजी 06 जीइ 1553 ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भादवि की धारा 304(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### शराब का परिवहन करते दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। पटेवा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिरको से कमल जोशी पिता इतवारी जोशी 19 साल ग्राम पचरी एवं उनके एक अन्य साथी को अवैध रूप से मोटर साइकिल से 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमती 6000 रूपए को परिवहन करते मिला। पुलिस ने अवैध शराब के जब्त कर आरोपियों को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस रिमांड़ पर जेल भेजा गया है।

### सिंघनपुर चौक में 15 लीटर शराब जब्त

**महासमुंद**। बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को सिंघनपुर चौक के पास से 15 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर के सूचना पर घटनास्थल पर सुरेश हियाल पिता महेन्द्र हियाल 42 साल साकिन टॉवर पारा झिलमीला को करीब 15 लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 3 हजार रुपए को जब्त किया है। आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**गर्मी :** रविवार से तापमान में आएगी गिरावट, अभी दो दिन और दिखाएंगे तेवर

## दिन में तापमान रहा 44, अब दो दिन बाद ही सुधरेंगे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- लोगों को भीषण गर्मी और लू से मिल पाएगी राहत

जिला मुख्यालय में गुरुवार को तापमान 44 डिग्री रहा। वहीं जिले के अन्य इलाकों में भी यहीं स्थिति रही और आगामी दो दिन तक के पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को भी भीषण गर्मी की स्थिति रहेगी। रविवार से अधिकतम तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान है। जिसके बाद ही लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिल पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि 25 मई से नौतपा शुरू होने के बाद से अब तक भीषण धूप, लू और तपिश के चलते जनजीवन खासा प्रभावित रहा है। दिनभर चल रही लू पिछले दो दिनों से देर शाम तक झुलसा रही है। जहां दिन का तापमान 44-45 डिग्री तक पहुँच रहा है वहीं रात 9 बजे तक का अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास है। सुबह से ही तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को परेशान कर रखा है। खासकर, वे लोग जो फील्ड पर काम कर रहे हैं।लगातार बढ़ती गर्मी से जन स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित निजी अस्पतालों के ओपीडी में उल्टी-दस्त, सिर दर्द और बुखार पीड़ति इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। केवल मेडिकल कॉलेज ओपीडी में हर दिन औसत 550 से 600 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।



**अगले 6 दिनों में संभावित तापमान**

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| 31 मई | 44 | 31 |
| 01 जून | 44 | 31 |
| 02 जून | 42 | 30 |
| 03 जून | 41 | 30 |
| 04 जून | 41 | 30 |
| 05 जून | 41 | 30 |

## गांजा तस्करी के आरोपी को 10 साल की कैद, एक लाख का अर्थदण्ड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

- अर्थदंड नही चुकाया तो आरोपी को भुगतनी होगी एक साल का कारावास और

आरोपी को एनडीपीएस मामलों की विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतप्रहरी ने गुरुवार को सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को दोषी पाया और 10 वर्ष की कठोर सजा के साथ एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड की राशि नहीं चुकाए जाने की स्थिति में आरोपी को एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास भुगताए जाने का आदेश पारित हुआ है।

अभियोजन अधिकारी जितेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि थाना खल्लारी के उपनिरीक्षक स्वराज त्रिपाठी ने 11 जून, 2019 को वाहन चेकिंग के दौरान एनएच-363 थाना खल्लारी चौक, खल्लारी में बागबाहरा की ओर से एक सफेद रंग की पिकअप वाहन यूपी 82/टी 2628 के आने पर उसे रोक कर चालक से पूछताछ में संदेह होने पर तथा चालक ने अपना नाम रामजतन राम पिता रघुनंदन राम उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम राजापुरा, अवसानगंज, बाना जैतपुरा, जिला बाराणसी, उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताया। तथा उसके वाहन को चेक करने पर पिकअप वाहन के डाला में एक काले रंग की प्लास्टिक सीट से ढका पाँच बोरियों में मादक पदार्थ गांजा, जिसका कुल वजन 134 किलोग्राम था। जिसे उड़ीसा से खरीदकर उत्तरप्रदेश ले जाए जाने की जानकारी दी। जिसे जब्त कर संपूर्ण विवचेना कर विशेष न्यायालय (एनडीपीएस) महासमुन्द के समक्ष अभियोग पत्र 08 सितंबर, 2019 को पेश किया गया।

प्रकरण में माननीय विशेष न्यायालय द्वारा विचारण पूर्ण करते हुए आरोपी को अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करने के आरोप में दोष सिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रूपये के जुर्माना तथा एक लाख के अर्थदण्ड जमा नहीं करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास से दण्डित करने का आदेश पारित किया। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस) जितेन्द्र कुमार साहू द्वारा की गई।

### पिकअप की ठोकर से युवती की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम तरेकेला में पैदल जा रही युवती को पिकअप ने ठोकर मार दी, हादसे में युवती की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 3 मई को सुबह करीबन 06:30 बजे पूर्णिमा जाटवर पिता गैसराम जाटवर 27 साल निवासी तरेकेला पैदल जा रही थी तभी ग्राम तरेकेला के धनेश्वर खुटे के घर के सामने मेन रोड में पिकअप वाहन कमांक सीजी 11 एएस 3570 के चालक सुरकेश पटेल अपने पीकअप वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर पूर्णिमा जाटवर को पीछे से ठोकर मार दिया हादसे में उसे गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई पुलिस ने सुचना पर आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 304(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## मशीन की चपेट में महिला घायल, मौत

**महासमुंद**। सरायपाली थाना अंतर्गत नगर पालिका के आरएसएलएम सेंटर में काम के दौरान मशीन की चपेट में आकर एक महिला घायल हो गई, अस्पताल में ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार 28 मई की सुबह 8 बजे वार्ड 7 निवासी नीराबाई पांडे आरएसएलएम सेंटर में काम कर रही थी, तभी उसकी साड़ी का पल्लू मशीन में फंस गया, जिससे उनके गले में चोटें आईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहाँ कार्य कर रहे अन्य कर्मचारियों ने इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया बाद इलाज के लिए मेकाहारा रिफर किया गया। वहाँ से एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस दौरान नपा सरायपाली सहित नगर निगम रायपुर की टीम वहाँ उपस्थित थी और उनके द्वारा अस्पताल प्रबंधन से नीराबाई के परिजनों से किसी तरह की राशि नहीं लिये जाने की बात कही। नगर निगम की टीम ने रायपुर में उनका पीएम करवाकर शव को सरायपाली पहुँचाया, जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## रेत के अवैध उत्खननकर्ता एवं परिवहनकर्ताओं के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महानदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर शासन को राजस्व क्षति पहुँचाने वालों के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले में 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

सहायक खनिज अधिकारी देवेन्द्र साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई जिसके मुताबिक, 20 मई 2024 को शाम करीबन 7 बजे सहायक खनिज अधिकारी देवेन्द्र ने ग्राम खमतराई जिला महासमुंद से महानदी रेत घाट का औचक निरीक्षण किया तब चैन माउंटेन मशीन से अवैध रेत खनन करते मशीन ऑपरेटर जितेन्द्र साहू को पकड़ा, जिसने मशीन मालिक का नाम लक्की वर्मा निवासी रायखेड़ा जिला रायपुर का निवासी होना बताया तथा लक्की वर्मा के कहने पर ही रेत उत्खनन करने आने की बात कही। चैन माउंटेन मशीन को मौके पर ही सीलबंद किया गया। 20 मई की रात्रि पुनः सूचना मिली की ग्राम खमतराई रेत घाट में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सूचना पर सहायक खनिज अधिकारी पुलिस बल को साथ लेकर खमतराई रेत घाट पहुंचे, जहां चैन माउंटेन मशीन का उपयोग कर घाट से रेत खनन कर दो हाईवा वाहनों में रेत भरा जा रहा था।



इस दौरान मौके पर मौजूद ईश्वर चेलक, डीजे माण्डले, लकेश्वर निषाद, सहदीप साहू, महेन्द्र प्रताप सोनवानी एवं भूपेन्द्र सोनवानी को पकड़ा गया पूछताछ के दौरान उन्होंने अन्य लोगों के सहयोग से मिलकर अवैध रेत उत्खनन करना स्वीकार किया। अग्रिम जांच कार्यवाही हेतु 21 मई को प्रातः तक एक नग चैन माउंटेन मशीन, दो हाईवा वाहनों को थाना तुमगांव में लाकर सुरक्षार्थ रखा गया है।

## प्रमुख अभियंता ने अपूर्ण आवासों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत बुधवार को विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर से पहुंचे प्रमुख अभियंता केके कटारे ने जनपद पंचायत महासमुंद अंतर्गत ग्राम पंचायत धनसुली एवं ग्राम पंचायत खैरा पहुंचकर अपूर्ण आवासों एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के संबंध में जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान हितग्राहियों से चर्चा कर अपूर्ण आवासों का जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए है। प्रमुख अभियंता कटारे ने जिन आवासों में ढलाई नहीं हुई है उनमें बेस गिट्टी डलवाने निर्देश दिए है। ताकि, बारिश में भी ढलाई कार्य किया जा सके। छत पर पानी न रुके इसके लिए सभी तरफ चार इंच का स्लैब बनाने तथा आवास मजबूत बनाने टू वे स्लैब का उपयोग करने निर्देशित किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आनंद राम ध्रुव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मंडावी सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### चौक के पास से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। सांकरा पुलिस ने ग्राम ढ़ाबा खार चौक के पास से अवैध शराब के बिक्री करते एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी टिकेश्वर सेठ पिता गोविंद सेठ 37 साल ग्राम छान्दनपुर निवाशी को ढ़ाबा खार चौक के पास से 4 हजार एमएल महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बिक्री करने वास्ते रखे मिला, जिसे जब्त कर आरोपी पर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना थाना अन्तर्गत ग्राम देवरी में एक नवविवाहित महिला की संदिग्धावस्था में मौत हो गई है। मृतिका उर्मिला साव पति कपूरचंद साव 25 वर्ष की शादी 3 माह पूर्व ही हुई थी। बसना पुलिस और तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर सील हुई कमरा को खोला गया। जिसमें नवविवाहिता की लाश मृत्य अवस्था में बेड पर पड़ी मिली। लाश को जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा। वहीं मृतिका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई हैं। इस दौरान एसडीओपी, तहसीलदार बसना, एएसआई महेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक बारिक, महिला आरक्षक के साथ साथ सरपंच प्रतिनिधि, उपसरपंच, कोटवार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।


**शहरी क्षेत्र में संचालित योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी**

## हेल्पलाइन के प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा के तहत नगर पालिका के विभाग प्रमुखों की बैठक लेकर गुरुवार को अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, राष्ट्रीय शहरी अजिविका मिशन प्रबंधक अभिनव दुबे, स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक नीतू प्रधान, स्थापना प्रभारी करण कुमार यादव, लोनिवि के दुर्गेश कुंजेकार एवं स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी नौशाद बक्श उपस्थित मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों से कहा कि वे हेल्पलाईन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें और इसमें तत्परता के साथ काम करें। हेल्पलाईन के प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए, अन्यंथा जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, विश्कर्मा योजना, महतरी वंदन योजना, सहित नगरीय निकाय में स्वच्छता अभियान की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश देते हुए शहर को साफ स्वच्छ बनाये रखा जाए। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। घर-घर जाकर कचरा एकत्र करने का कार्य व्यवस्थित एवं नियमित रूप से होना चाहिए।



### शासकीय संपत्ति के नुकसान से कराया अवगत

अपर कलेक्टर के समक्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने एसएलआरएम सेंटर तुमाडबरी के पास अवैध रुप से चखना सेटर संचालित होने से सफाई मित्रों को हो रही परेशानी तथा बस स्टैंड, मिनी स्टेडियम में पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होने से असामाजिक तत्वों द्वारा शासकीय संपत्ति को नुकसान करने की बात संज्ञान में लाई गई।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें तथा सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्ययोजना बनाएं।

### एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये। एक्सप्रेस वे तेलीबाँधा के अलावा शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरा ग्रुप के एम डी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा,जोन 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव के साथ किया।

### आम जनमानस के लिए लगाया वाटर कूलर मशीन

**रायपुर।** मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा जनहित पहल करते हुए दो अलग-अलग स्थान कनेरा कुम्हारी और शंकरनगर वृद्धाश्रम में वाटर कूलर लगाया गया। इन दोनों उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से समाजसेवी ईश्वरचंद्र अग्रवाल एवं ग्राम कनेरा के सरपंच बालाराम पाठक रहे। साथी स्कूल के हेड मास्टर का सहयोग भी प्राप्त हुआ। समिति के सदस्य ने बताया कि समिति द्वारा विगत कई समय से बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में भंडारा एवं आदि सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में दो वाटर कूलर सभी के सहयोग से प्रदान किया गया, ताकि इस भीषण गर्मी में आम जनमानस को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकें। इस कार्यक्रम में समिति के सुरेश अग्रवाल, मनोहर जिंदल, अजय अग्रवाल, प्रेम शर्मा, सुरेश चौधरी आदि सदस्य उपस्थित थे।

### मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**रायपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को संविधान में संशोधन प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जो देश के सभी राज्यों द्वारा लागू कर दिया गया है किंतु प्रदेश में 2019 से अब तक लागू नहीं किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ में भी समान रूप से लागू करने की मांग को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 10 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं होने के कारण राज्य के रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के छात्रों एवं अभ्यर्थियों को प्रदेश के शिक्षण संस्थानों एवं अन्य जगहों पर नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं।

### लाइन लगने के विवाद पर जानलेवा हमला

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र की अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने लाइन लगने के विवाद पर दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय डांडे की शिकायत पर खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव, घनश्याम सोनी, ओम वर्मा, नर्मदा प्रसाद वर्मन तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। बदमाशों ने संजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल किया था। बीचबचाव करने आए एक अन्य युवक पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला किया।

### फल कारोबारी से लूट

**रायपुर।** गोलबाजार थाना में एक फल कारोबारी ने दो अज्ञात दोपहिया सवार बदमाशों के खिलाफ मारपीट कर अपने साथ जबरन दोपहिया में बैठाकर मौदहापारा ले जाकर 19 हजार रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक श्रीनगर निवासी नीरज कुमार सोनकर ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है।

# उपार्जन केंद्रों में 88 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान, मार्कफेड ने कलेक्टर से कहा- एक हफ्ते में उठवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 88 हजार 366 मीट्रिक टन धान का उठाव अब तक उपार्जन केंद्रों से नहीं हो सका है। इसका मतलब ये है कि 4 फरवरी तक जो धान सोसाइटियों में खरीदा गया था, वह मई के अंतिम दिन आने तक वहीं जाम है।

यह धान राज्य के 22 जिलों के सैकड़ो उपार्जन केंद्रों में है। इन सभी जिलों के कलेक्टरों से मार्कफेड ने कहा है कि एक हफ्ते में धान का उठाव करें। राज्य में इस खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी भी सबसे अधिक हुई है, लेकिन खरीदे गए धान को सोसाइटियों से उठाकर मिलरों और मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों तक भेजने के लिए जो काम करना था, उसमें काफी देर हुई है।

सोसाइटी संचालकों के अनुसार फरवरी मार्च से लेकर मई की भीषण गर्मी में धान सूखा है, इसकी वजह से धान के वजन में कमी आई है। कई जिलों में फरवरी से लेकर अप्रैल तक बेमौसम बारिश की वजह से भी धान प्रभावित हुआ है।

## 22 जिलों की सोसाइटियों में जाम है धान, 10 हजार मीट्रिक टन जाएगा मार्कफेड संग्रहण केंद्र में

### इन जिलों में है 88 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान

राज्य के 33 जिलों में से केवल दस जिले ऐसे हैं जहां की सोसाइटियों से पूरा धान उठाया जा चुका है। बाकि के 22 जिलों में अब तक अलग-अलग मात्रा में धान जमा है। हालांकि धान मिलरों का भी दिया जा रहा है, लेकिन फिर भी पूरा धान नहीं उठाया जा सका है। सरकार की धान उपार्जन नीति में कहा गया है कि खरीदी के 72 घंटों के भीतर धान का परिवहन किया जाना है। इसके बाद महीनों बीत गए हैं, लेकिन इन 22 जिलों की सोसाइटियों में धान का ढेर लगा है। इनमें बस्तर, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, और सरगुजा जिले शामिल हैं।



### कलेक्टरों को आदेश एक सप्ताह में उठवाएं

मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा के अनुसार प्रदेश के उन सभी जिला कलेक्टरों को एक सप्ताह में धान का उठाव कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके जिलों की सोसाइटियों में धान जमा है। श्री शर्मा ने ये भी बताया कि कई जिलों में धान के उठाव के लिए डीओ कट चुके हैं, लेकिन मिलरों ने धान नहीं उठाया है। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में 10 हजार मीट्रिक टन धान भेजने कहा गया है।

# छत्तीसगढ़ की इन सीटों पर हार जीत और मार्जिन पर रहेगी नजर

**क्या बृजमोहन सर्वाधिक लीड हासिल कर सकते हैं**

**राजनांदगांव, कोरबा, कांकेर में भी है तगड़ा मुकाबला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आने से पहले तक छत्तीसगढ़ में लोगों की निगाहें उन सीटों पर लगी हैं, जहां से चौंकाने वाले परिणाम की संभावना जताई जा रही है। इन सीटों में रायपुर और राजनांदगांव जैसी हाईप्रोफाईल सीटें मुख्य रूप से शामिल हैं। इनके अलावा भी कुछ सीटें ऐसी हैं, जिन पर मुकाबला टक्कर का माना जा रहा है। इन सीटों में कोरबा, कांकेर का नाम लिया जा रहा है, लेकिन पूरे छत्तीसगढ़ में लोगों की नजर उस सीट पर है, जहां सबसे अधिक अंतर से हार-जीत होनी वाली है।

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 7 मई को समाप्त हो चुका है। इसके बाद से प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के नेता देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत के लिए ताकत झोंकते रहे। अब देश में छह चरणों का चुनाव होने के बाद 1 जून को सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान होना है। इधर छत्तीसगढ़ में आखिरी दौर का मतदान होने के बाद सियासी गतिविधियों पर लगभग विराम लगा हुआ है, लेकिन अब जैसे जैसे मतगणना का समय करीब आता जा रहा है, मतदाताओं और सियासी दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं में चुनाव परिणाम को लेकर चर्चा और अटकलों का दौर शुरू हो रहा है।




### राजनांदगांव में ही कांटे की टक्कर

*राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस प्रत्याशी हैं। उनका सीधा मुकाबला भाजपा के संतोष पांडेय से है। हालांकि श्री पांडेय 2019 में यह सीट आसानी से जीते थे, लेकिन इस बार उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश कड़ी टक्कर दे रहे हैं। माना जा रहा है कि भूपेश के प्रत्याशी होने के कारण यहां कांटे की टक्कर हो रही है और यही कारण है कि पूरे छत्तीसगढ़ की निगाहें राजनांदगांव सीट पर टिकी है। राजनांदगांव में 77.43 प्रतिशत मतदान हुआ है।*

### कांकेर सीट में कांग्रेस है मुकाबले में

बस्तर संभाग की कांकेर लोकसभा सीट एसटी के लिए आरिक्षित सीट है। यहां से कांग्रेस ने वीरेश ठाकुर को उतारा है। भाजपा से भोजराज नाग को प्रत्याशी बनाया है। खास बात ये है कि वीरेश ठाकुर 2019 में कांकेर में करीब 6 हजार वोटों से हारे थे। यही कारण है कि पार्टी ने दूसरी बार उन पर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे पूर्व में विधानसभा का एक चुनाव जीते हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों के मुताबिक कांकेर में कांग्रेस मुकाबले में बनी हुई है।

### कोरबा सीट पर है नजर

कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी ज्योत्सना महंत है। उन्होंने 2019 में भाजपा की लहर के बीच यह चुनाव जीता है। भाजपा ने इस सीट से तेज तर्रार नेत्री सरोज पांडेय को उतारा है। माना जा रहा है कि सरोज की मौजूदगी के कारण यहां कांग्रेस को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस सीट पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रत्याशी भी मैदान में है। इस लोकसभा सीट के एक विधानसभा क्षेत्र पाली तानाखार से गोंडवाना गणंतत्र पार्टी जीत चुकी है। प्रेक्षकों के अनुसार इस पार्टी को मिलने वाले वोट कांग्रेस की संभावनाओं पर असर डाल सकते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना मंहत वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत की पत्नी है। महंत परिवार का कोरबा क्षेत्र में काफी प्रभाव माना जाता है।

### रायपुर सीट वोट मार्जिन में टॉप में रहेगी?

*रायपुर लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ की सबसे हॉट सीटों में से एक मानी जा रही है। इस सीट पर भाजपा ने पार्टी के सबसे कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल को उतारा है। कांग्रेस ने यहां से विकास उपाध्याय को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के लोगों की मानें तो रायपुर में पार्टी की न केवल जीत तय है, बल्कि राज्य में सबसे अधिक मार्जिन से जीत वाली सीटों में इस गिना जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल पूर्व में आठ बार विधानसभा का चुनाव जीते हैं। 2023 में वे दक्षिण विधानसभा सीट से राज्य में सबसे अधिक 67 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। यह भी उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुनील सोनी कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रमोद दुबे से 3.40 लाख वोटों से जीते थे। इसी आधार पर भाजपा के लोग मानकर चल रहे हैं कि रायपुर में इस चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक लीड मिल सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह कोशिश भी की गई है कि भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने का रिकार्ड बनाएं। रायपुर लोकसभा में इस बार 66.82 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस हिसाब से करीब 14 लाख वोट पड़े हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा का आकलन है कि बृजमोहन अगर 6 लाख वोटों से जीते, तो यह देश में सर्वाधिक लीड वाली सीट होगी।*

## बैज ने कहा- 4 जून को देशभर में एक और दिवाली मनेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, 4 जून को देशभर में एक और दिवाली मनाई जाएगी। जब तानाशाह की हार होगी और आम जनता का राज आएगा, लोकतंत्र प्रभावित होगा संविधान और आरक्षित वर्गों के आरक्षण सुरक्षित होगा। युवाओं को 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती के अवसर मिलेंगे, किसानों को एमएसपी की गारंटी मिलेगी, महिलाओं को सरकारी पदों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए खाता में मिलेगा। महंगाई कम होगी और यह देश के लिए दीपावली के दिन से कम नहीं होगा। उन्होंने कहा, 4 जून को देशभर के युवाओं, श्रमिक को, महिलाओं को, रोजगार मिलेगा। उद्योगपति, व्यापारी बिना दबाव के व्यवसाय करेंगे, किसानों को उनकी फसल की सही कीमत मिलेगी, आम जनता को मूलभूत की सुविधा मिलेगी। पूरे देश में मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। देश में हर वर्ग मोदी सरकार की कुनीतियों से परेशान हुआ है।

# ई वे बिल पर कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का अधिकार नहीं

**कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था से जेल में हैं शासन के दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर : ठाकुर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने ई वे बिल मामले में कहा, कांग्रेस ने कैसी भ्रष्ट व्यवस्था चलाई, सभी को पता है उनके दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर, समीर विश्नोई और रानू साहू जेल में हैं। ऐसे में कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, राज्य के अधिकतर छोटे व्यापारी एक साथ 50 हजार का माल परिवहन करते ही नहीं। कांग्रेस के शासनकाल में चाहे वह आबकारी कर हो या जीएसटी, शासन और अधिकारियों की मिली भगत से कर चोरी के कीर्तिमान रचे गए हैं। राज्य के राजस्व में डाका डालने का काम कांग्रेस के शासन में हुआ है। ई वे बिल कर चोरी को रोकने का सबसे सीधा और प्रभावी टूल है। इससे न केवल कर चोरी को रोकने में मदद मिलती है, बल्कि आंकड़ों के विश्लेषण से कर संग्रहण के संबंध में भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इससे बोगस बिल जारी करने, कच्चा बिल जारी करके कर अपवंचन करने की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगेगा।




### कांग्रेस शासित राज्यों की अलग-अलग व्यवस्था

उन्होंने कहा, राजस्थान में भाजपा की सरकार ने मार्च 2018 में राज्य में ई वे बिल के प्रावधानों से पूरी छूट दे दी थी। 2021 में कांग्रेस सरकार ने संशोधित कर राज्य के भीतर 1 लाख से अधिक मूल्य के माल के लिए ई वे बिल के प्रावधान लागू किए हैं। पंजाब में भी कांग्रेस सरकार ने संवेदनशील वस्तुओं के राज्य के भीतर परिवहन पर ई वे बिल की सीमा 50 हजार रुपए रखी थी, शेष वस्तुओं के लिए यह सीमा 1 लाख रुपए है। एक जिले के भीतर परिवहन के लिए कोई विशेष छूट नहीं थी। ऐसे में कांग्रेस जो खुद के शासित राज्यों में ऐसा कर चुकी है, वो यहां इसका विरोध किस मुंह से कर रही है।

### ई-वे बिल की अनिवार्यता सरकार का तानाशाही कदम

*रायपुर। पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल ने ई-वे बिल की छूट को समाप्त करने को भाजपा सरकार की तानाशाही बताया है। उन्होंने कहा, ई वे बिल को अनिवार्य किए जाने से इंस्पेक्टर राज चालू हो जायेगा। सर्कुलर में स्पष्ट है कि कनसाइनमेंट को जांच करने का अधिकार हो जायेगा। पहले बार्डर पर जांच होती थी। अब कनसाइनमेंट में जांच शुरू हो जायेगी, तो इंस्पेक्टर राज वापस होगा और सभी व्यापारी इससे प्रताड़ति होंगे। जो ये सर्कुलर है, लंबे समय में छत्तीसगढ़ व्यापार को बहुत नुकसान करेगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की इकोनामी भी कहीं न कहीं डाउन होगी। सरकार व्यापारियों से बात करे और व्यापारियों की जो समस्या है, उसे हल करे और सार्थक चर्चा के बाद जारी करे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार जब से बनी है, सरकार आम आदमी के साथ व्यापार और उद्योग के खिलाफ निर्णय ले रही है। सरकार से मांग करता हूं कि सर्कुलर को जल्द से जल्द वापस ले। यह आदेश छत्तीसगढ़ के लिये बहुत नुकसान दायक है। कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी।*

# मांग के विरुद्ध बीज-खाद का अब तक 53 प्रतिशत भंडारण, वितरण 29 व 35 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खरीफ फसलों के लिए जिले के किसानों को बीज और खाद उपलब्ध कराने के लिए भंडारण और वितरण का काम चल रहा है। जिले के 126 सेवा सहकारी समिति में अब तक बीज का 21592.50 क्विंटल भंडारण कर 6340 क्विंटल वितरण किया गया है, जो कि मांग के विरुद्ध 53 प्रतिशत भंडारण एवं 29 प्रतिशत वितरण हुआ है। इसी प्रकार रासायनिक उर्वरक 21415 मीट्रिक टन का भंडारण कर 7563 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है, जो लक्ष्य के विरुद्ध भंडारण 53 व वितरण 35 प्रतिशत है।

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने बुधवार को कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में कृषि विभाग के अलावा जिला सहकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी, उप पंजीयक सेवा सहकारी समिति के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि समितियों में खाद-बीज का अग्रिम उठाव के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने सहकारी समिति में मांग व लक्ष्य के विरुद्ध तत्काल भंडारण करने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं बीज प्रक्रिया प्रभारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार एवं कृषि विकास अधिकारी को प्रतिदिन सहकारी समिति एवं ग्रामों का दौरा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं कृषि विभाग के उप संचालक आर. कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मानसून आने के पूर्व अधिक से अधिक अग्रिम बीज एवं रासायनिक उर्वरक का उठाव के लिए कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत सीईओ एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर प्रतिदिन 10-10 सहकारी समिति का दौरा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।



# सरकार की प्राथमिकता एवं समय सीमा प्रकरणों पर जोर

**एसीएस पिंगुआ ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग मनोज पिंगुआ ने कहा, शासन की प्राथमिकता एवं समय सीमा के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने राज्य और जिला स्तरीय सलाहकार समिति का पुनर्गठन, प्रस्तावित नवीन स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति प्रदाय करने सहित विभिन्न जिला अस्पतालों में स्टॉफ नर्स के पदों की संख्या बढ़ाने के संबंध में भी समीक्षा की।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉर्पोरेशन के कार्यों, समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा बुधवार को नवा रायपुर में की गई। बैठक में विभिन्न एजेंडों जैसे नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य, जननी सुरक्षा योजना, सिकलसेल, टीबी, एनीमिया स्क्रीनिंग, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, स्थायी निःशक्तता प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत योजना, 102 एंबुलेंस, 104 एंबुलेंस, 108 एंबुलेंस की सतत निगरानी, टीकाकरण की अद्यतन स्थिति, सिकलसेल टेस्टिंग सहित सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल कोपागुड़ा एवं जगदलपुर के संबंध में चर्चा की गई। एसीएस ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर घुमंतू मानसिक रोगियों के रेस्क्यू के लिए दिशा-निर्देश बैठक में दिए गए। साथ ही ईएमआईएस पोर्टल पर मशीनों की टेगिंग के संबंध में कार्यशाला आयोजित कराने पर जोर दिया।




# स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान बनाने नई एजेंसी तय अब दिसंबर में लोगों को आरडीए देगा पजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बोरियाखुर्द में रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने शहरी गरीब परिवारों के लिए स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान बनवाने के लिए अब नई एजेंसी को जिम्मेदारी दी है। साथ ही उन्हें दिसंबर 2024 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए समय दिया है। प्रोजेक्ट पूरा होने के साथ ही कॉलोनी में मकान बुक कराने वाले लोगों को पजेशन देने की प्रक्रिया शुरू होगी। तब तक एजेंसी को कॉलोनी में आने-जाने के लिए सड़क,नाली और बिजली फिटिंग जैसे जरूरी काम के साथ मकान के बचे हुए काम को पूरा करने के लिए जिम्मेदारों ने निर्देश दिया है।

शहर के आउटर इलाके में शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान बनाकर देने के लिए 2018 में रायपुर विकास प्राधिकरण ने प्लानिंग की। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरडीए ने 2019 में एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू की। इसे देखते हुए लोगों ने प्रोजेक्ट से जुड़ने के लिए आवेदन के बाद मकान भी बुक किया। बैंक से लोन लेने के बाद 7 से 9 हजार रूपए लोग विगत 5 साल से बैंक लोन दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें मकान के किराए की मार से राहत नहीं मिली है। ऐसा इसलिए भी हो रहा, क्योंकि आरडीए ने पहली बार तय की गई एजेंसी को 2022 में मकान बनाकर हैंडओवर करने के लिए समय दिया था। एजेंसी ने काम पूरा नहीं किया,तो कार्रवाई के बाद आरडीए ने नई एजेंसी को जिम्मेदारी दी है।

### अब नई एजेंसी कर रही निर्माण

असफाक दानी ने बताया कि मकान बुकिंग के साथ ही आरडीए ने वन-बीएचके का 7 लाख 20 हजार और टू - बीएचके का 8 लाख 60 हजार रुपए बैंक फाइनेंस के बाद ले लिया है। 523 लोगों से पैसा लेने के बाद भी मकान के लिए कई साल से चक्कर लगवा रहे हैं। अब नई एजेंसी से अधूरे काम को पूरा करवा रहे है। अभी वहां जिस रफ्तार से काम चल रहा है, उसे देखते हुए उम्मीद है कि नए साल का स्वागत लोग अपने आशियाने में करेंगे। इस इंतजार में मकान बुक कराने वाले लोग विगत 5 साल से किराए की मार व बैंक की किस्त दे रहे हैं। अपना मकान मिल जाता तो किराए का पैसा लोगों का बचता।




### हैंडओवर करने की तिथि तय

नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देते हुए, प्रोजेक्ट का रिब्यू करके अप्रैल तक हैंडओवर करने निर्देश दिया गया है। कॉलोनी का निर्माण शत-प्रतिशत होने के बाद ही पजेशन देने की प्रक्रिया करेंगे।
**- अनिल गुप्ता,** प्रभारी अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

**खबर संक्षेप**

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के दोमुहनी नाला के पास एक युवती ने पेड़ पर फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि 29 जनवरी को ज्योति नागवंशी पिता दसरू 20 साल निवासी झालपाली ने दोमुहनी नाला के पास पेड़ पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। ग्राम बिरकोनी निवासी लोकेश अग्रवाल का भाठापारा बिरकोनी में मेडिकल स्टोर्स है। 18 मई की रात लोकेश अपनी मोटर सायकल हिरो ग्लैमर क्रमांक सीजी 04 एलआर 6136 को घर के बाहर खड़ी कर घर अंदर सो गया। 19 मई को देखा तो उसकी मोटर सायकल कीमती 20 हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 379 के तहत अपराध कायम किया है।

## पहले डाक मतपत्रों, उसके तीस मिनट बाद ईवीएम से होगी मतगणना

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 4 जून को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी एवं कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए डाले गए मतों की गणना की जाएगी। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर मतगणना के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के कक्ष क्रमांक 5, 6 और प्रथम तल के हॉल क्रमांक 1 में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक प्रशिक्षण दिया गया।

## मानसून पूर्व नाले-नालियों की सफाई....



महासमुंद। पालिका ने बारिश को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में छोटी-बड़ी नालियों की सफाई का अभियान शुरू कर दिया है। बारिश में नालियों से पानी की बेहतर निकासी हो सके और लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। बारिश पूर्व तैयारी को पूर्ण करने के उद्देश्य वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। नाली सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि वार्डों में निकासी नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के मध्य निर्मित बड़े नाले की सफाई की जा रही है। सफाई कार्य में जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य संसाधनों के साथ पालिका के कर्मचारी लगे हुए हैं। वर्षाऋतु में बरसाती पानी की आसानी से नाली के माध्यम से निकासी हो जाएगी।

## उच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के सदस्य सचिव द्वारा वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के लिए चिन्हांकित प्रकरणों के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रलेखा सोनवानी ने जानकारी दी कि उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त अनुक्रम में महासमुंद जिले से संबंधित ऐसे मामले जो उच्चतम न्यायालय में समक्ष लंबित है, जिन्हें लोक अदालत के लिए चिन्हांकित किया गया है, जिसकी सूची पृथक से प्राप्त हुई है। सूची अनुसार पक्षकारों को नोटिस जारी करने संबंधित कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने तथा उक्त संबंध में छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर संबंधित पक्षकारों की प्री-सिटिंग कर प्रकरणों को राजीनामा के आधार के माध्यम से निराकृत कराए का निर्देश प्राप्त हुए है। इस संबंध में जिला न्यायालय स्थित प्रबंध कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद से जानकारी ले सकते हैं।



## राशि ने अयोध्या पहुंच प्रभु श्रीराम से की शहरवासियों के लिए मंगलकामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बुधवार को पुत्र अंकित महिलांग और अन्य परिवारजनों के साथ अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम के नवनिर्मित भव्य मंदिर और उनकी अलौकिक प्रतिमा का दर्शन किया। उन्होंने प्रभु श्रीराम से देश के साथ ही नगर को अयोध्या सा बनाने के साथ नगरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर दर्शन कर अपना अनुभव बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की जितनी अलौकिक प्रतिमा है उतना ही अलौकिक मंदिर का निर्माण भी किया गया है।

# लखानी परिवार हज के लिए हुआ रवाना

### सुन्नी मुस्लिम जमात व रहनुमा कमेटी ने किया इस्तकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शहर के मुस्लिम समाज के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल नईम लखानी एवं उनकी पत्नी फातिमा लखानी हज के लिए रवाना हुए।

सुन्नी मुस्लिम जमात सरायपाली के अध्यक्ष शाहीद हुसैन व सदस्यों के साथ-साथ रहनुमा कमेटी के अध्यक्ष आबिदा खानम व उनकी टीम द्वारा मदरसा निजामिया में हज में जा रहे लखानी दम्पत्ति का इस्तकबाल



किया गया। साथ ही मदरसा निजामिया से जुलूस की शक्ल में नाद पढ़ते हुए बाजे-गाजे के साथ उन्हें विदा करने के लिए मुस्लिम कब्रिस्तान तक पहुँचे, जहां मरहूमों के कब्र पर मौलाना अब्दुस्सत्तार अशरफी द्वारा फातिहा पढ़ी गई और वहां से दम्पत्ति को हज के लिए रवाना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के सदस्य, बड़े-बुजुर्ग व महिलाएं शामिल हुईं।

# तंबाकू सेवन लेता है हर वर्ष लाखों की जानः डॉ सर्वेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**विश्व तंबाखू निषेध दिवस आज**

विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर डेंटल सर्जन एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ सर्वेश दवे ने दवे डेंटल केयर स्टेशन रोड महासमुंद में तंबाखू निषेध जागरुकता कार्यक्रम के तहत बताया कि भारत में तंबाखू सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों के कारण हर वर्ष लाखों लोगों की मौत हो जाती है। बीड़ी, सिगरेट, तंबाखू, गुटखा व पान मसाला धीमे जहर की तरह हैं, जो मनुष्य के सेहत पर धीरे-धीरे घात करता है। तंबाखू सेवन एवं धूम्रपान से हृदय, श्वास, मधुमेह आदि बीमारियों का खतरा तो होता ही है, परंतु सबसे ज्यादा कष्टप्रद तंबाखू से होने वाला कैंसर होता है। देश में प्रतिवर्ष अन्य कैंसरों की तुलना में 80 हजार से ज्यादा लोग मुख कैंसर की गिरफ्त में आते हैं। अगर इस कैंसर की समय पर पहचान हो जाए तो इसे काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि हमें मुख कैंसर के कारणों/संकेतों के बारे में जागरूक होना चाहिए। मुख कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाखू सेवन है, जो कि सिगरेट, बीड़ी, तंबाखू, गुटखा चबाने जैसे तरीकों से शरीर को नुकसान पहुंचाता है। अन्य कारणों में एचपीवी जैसे वायरस संक्रमण भी शामिल है। उम्र बढ़ने के साथ कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। तंबाखू का सेवन बंद करने से मुख



कैंसर का खतरा 90 फीसदी तक कम हो सकता है।

डॉ दवे ने बताया कि कैंसर की शुरूआत मुंह के अंदर सफेद धब्बे, ठीक न होने वाले छाले एवं छोटे घाव से होते हैं, जो आगे चलकर जानलेवा मुख का कैंसर बन जाता है। भारत में मुख के कैंसर के मरीज पूरे विश्व में सबसे ज्यादा पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर तंबाखूयुक्त गुटखा को दांतों और गाल के बीच दबाकर रखने से कैंसर की संभावना बढ़ जाती है। गुटखा सेवन से दांतों में होने वाले दुष्परिणामों में से एक दांतों का टूट जाना या कोई भगा नुकीला हो जाना है। नुकीले भाग के बार-बार चुभने या उसके रगड़ लगने से घाव बन जाता है। जो मुख कैंसर का कारण बनती है। इसके अलावा खराब फिटिंग वाली बत्तीसी एवं तंबाखू, सुपारी खाने से गालों के अंदर फाइब्रोसिस होने से मुंह कम खुलना भी कैंसर का कारण बन सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाखू निषेध दिवस के रुप में मनाया जाता है। जिसके चलते डॉ सर्वेश दवे ने आमजन से अपील की है कि दांतों की सुरक्षा एवं मुंह के कैंसर से बचाव के लिए तंबाखू, गुटखा, पान मसाला से दूरी बनाकर रखें एवं सेवन करने वाले व्यक्ति डेंटल सर्जन से चेकअप करवाकर परामर्श ले सकते हैं।

## चिरायु दल की पहल पर दो बालिकाओं के हृदय रोग का हुआ आपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया निर्देशानुसार तथा बीएमओ डॉक्टर वीके कोसरिया के मार्गदर्शन में चिरायु दल द्वारा निरंतर स्कूल, आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही हैं। उसी कड़ी ग्राम डुडुमचुवा की बालिका सोनिया खड़िया 8 वर्ष तथा कापूकुंडा की बालिका रश्मि बरिहा 9 वर्ष जो कि हृदय रोग से पीड़ित थे। चूंकि, दोनों ही बालिकाओं के पिता नही, ऐसे में ईलाज करवाना इनके परिवारजनों के लिए मुमकिन नहीं था। जिस पर चिरायु दल तत्परता दिखाते हुए उक्त बालिकाओं के परिवार से संपर्क कर बालिकाओं के हृदय का ऑपरेशन कराया, जिससे दोनों बच्ची स्वस्थ्य है। उनके परिवारजनों ने चिरायु दल को धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्य में डॉक्टर कुनाल नायक शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर राजेश सिंह आयुष चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर अनुपा दास आयुष चिकित्सा अधिकारी, उमेश डडसेना फार्मासिस्ट, परमेश्वर सेन लैब टेक्नीशियन, निराकार वैष्णव तथा विनय बारीक आरएचओ का योगदान रहा।

# जल जगार उत्सव में पीकू ने बताया पानी का महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में जल को संरक्षित करने एवं वर्षा के स्वच्छ पानी को जल संरक्षण के विभिन्न उपायों को अपनाकर जल स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से कलेक्टर नम्रता गांधी की विशेष पहल पर जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वनांचल नगरी के ग्राम कुम्हड़ाकोट में जल जगार उत्सव आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिले के जल जगार के लिए तैयार किये गये काल्पनिक आईकान पीकू के माध्यम से पानी के महत्व को संवाद के जरिये बताया गया। पीकू ने बताया कि धान की फसल को प्रतिवर्ग फीट 16 लीटर पानी की आवश्यकता होती है, अगर आप गर्मी में धान की फसल लेंगे तो सोचिए पानी की कितनी कमी हो जाएगी। आज धमतरी जिला भयानक जल संकट से गुजर रहा है। कई गांवों में पानी की कितनी कमी हो गई है। मई महीने में धमतरी में लगभग 740 पेयजल पंप बंद हो चुके हैं। धमतरी जिले को जीवन देने वाले गंगरेल में भी सिर्फ चार टीएमसी पानी शेष है। किसान धान के बदले दलहन, तिलहन की खेती करें, जो हमारी मिट्टी उर्वरता को बढ़ाती है।

# सिर्री में 28 कांप्लेक्स पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिर्री के उपसरपंच चंद्रहास श्रीवास पिता टीकाराम श्रीवास द्वारा घास भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए सभी 28 कांप्लेक्स को तीन बुलडोजर से तोड़कर कब्जा हटाया गया। बताया जाता है कि 18 साल पहले उसने जमीन पर कब्जा किया था और 13 साल पहले कांप्लेक्स का निर्माण किया था। नायब तहसीलदार ज्योति सिंह की उपस्थिति में उनके अवैध 28 कांप्लेक्स पर बुलडोजर चलाया गया। नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने बताया कि तहसील न्यायालय कुरूद में केस हार जाने के बाद चंद्रहास ने केस अपर कलेक्टर धमतरी में लगाया था जिसे खारिज कर दिया गया। उसके पश्चात आयुक्त रायपुर संभाग में अपील प्रस्तुत की गई। इसका निराकरण करते हुए 5 दिसंबर 2023 को रायपुर संभाग आयुक्त द्वारा आदेश पारित किया गया था कि पंचायती राज अधिनियम 1993 धारा 56 के अनुसार ग्राम सिर्री प. ह. नं. 29 खसरा नंबर 983 पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाए। 30 मई गुरुवार को नायब तहसीलदार ज्योति सिंह, पटवारी योगेंद्र कलमकार, सचिव रेखराम साहू, सरपंच अमरजीत सिंह गुरुदत्ता, जसबीर सिंह सहित ग्रामीणों एवं बिरेझर- कुरूद पुलिस की उपस्थिति में अवैध कब्जा हटाया गया।

सरपंच अमरजीत सिंह गुरुदत्ता ने कहा कि यह मामला पहले से ही न्यायालय में चल रहा था। नायब तहसीलदार और पंचायत के सहयोग से अवैध रूप से 28 कांप्लेक्स को तोड़ा गया। 8 कांप्लेक्स में दुकानें संचालित थीं। पंचायत सचिव रेखराम साहू ने बताया कि 13 साल पहले से ही 28 कांप्लेक्स बना था जिसे नायब तहसीलदार ज्योति सिंह की उपस्थिति में प्रशासन द्वारा तुड़वाया गया।



**उपसरपंच ने घास भूमि पर कब्जा कर बना लिया था कांप्लेक्स**



## गंगरेल में पार्किंग एवं दुकानों को सुव्यस्थित करने बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर गंगरेल पर्यटन स्थल में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के संबंध में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीईओ ने गंगरेल पार्किंग स्थल, मानव वन, मचान हाट, बोटिंग क्षेत्र एवं मंदिर परिसर को सुव्यवस्थित पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटकों को लाभ मिलेगा एवं स्थानीय लोगों रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। पार्किंग स्थल से ई-रिक्शा एवं टूरिस्ट गार्ड भी रखे जाने की योजना बनाई जा रही है, जिसमें ग्रामीण युवा सहित स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि होने के संबंध में सुझाव दिया गया। पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं दुकानों को सुव्यस्थित करने के साथ ही प्लास्टिक के स्थान पर पेपर बैग का उपयोग करने हेतु वन प्रबंधन समिति को सहयोग करने आपसी समन्वय एवं बैठक लेकर दुकानों की समान व्यवस्था बनाने ग्रामीणों को समझाईश दी गई। बैठक में बताया गया कि विक्रेताओं द्वारा दुकानों के पास वाहन खड़ा होने से सामग्रियों का विक्रय हो पाता था, किंतु गाड़ियों के दुकानों के आसपास खड़े नहीं होने से सामग्रियों के विक्रय नहीं होने की वजह से आमदनी नहीं हो पा रही है।

# 15 जून के बाद नगरी जरूर आऊंगा : किरणदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा नगरी अंचल हजारों साल से ऋषि मुनियों की तपोस्थली रहा है। इस अंचल में जब भी मेरा प्रवास होता है, मुझे आत्मिक शान्ति मिलती है। 15 जून के बाद निश्चित तौर पर नगरी क्षेत्र आऊंगा और भाजपा के सभी कार्यकर्ता और सिहावा नगरी क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर एक सकात्मक चर्चा करूंगा। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने 30 मई को भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर में सर्व वर्ग हिताय ग्रुप नगरी के पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात करने के दौरान कही।



मुलाकात के दौरान सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के संयोजक एवं संगठन प्रमुख गोपी कश्यप, अध्यक्ष सुरेश नेताम, पदाधिकारी कुलदीप साहू, जालम पटेल, गोलू मंडावी, लोकेश मरकाम ने प्रदेश अध्यक्ष को एक लिखित विवरण पत्रिका सौंपी जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में गुप द्वारा किये कार्यों का उल्लेख था। विवरण पत्रिका को पढ़ने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने गुप के कार्यों की सहारना करते हुए कहा कि आप सभी को आने वाले समय में सिहावा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को और मजबूत प्रदान करने के लिए अच्छा काम करना है। इसके लिए आप लोगों को बड़ी जिम्मेदारी दी जायेगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



## नया नियम : ले-आउट अप्रूवल की कॉपी के आधार पर ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

# 8 अवैध कॉलोनियों को नोटिस जारी दस्तावेज जमा करने 2 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर पंचायत बसना सीमा अंतर्गत आठ अवैध प्लाटिंग कॉलोनी पर नोटिस जारी करते हुए 2 दिन के अंदर संपूर्ण दस्तावेज लेकर नगर पालिका में उपस्थित होने कहा गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से ले-आउट अप्रूवल की कापी के आधार पर ही जमीन की रजिस्ट्री होगी। इस आदेश के लागू होने पर अपनी जमा पूंजी खर्च कर घर बनाने का सपना देखने या निवेश करने वालों के साथ धोखाधड़ी करना आसान नहीं रहेगा। शहर में 08 से ज्यादा अवैध कालोनियां हैं, जहां बगैर ले आउट पास कराए टुकड़ों में जमीन बेची जा रही है। ऐसी कालोनियों में न तो सड़क बनाई जाती है, न ही पानी, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल पाती हैं। अवैध कालोनी बनाने वाले ईडब्ल्यूएस के लिए भूखंड भी नहीं छोड़ते हैं।




शासन के आदेश के बाद सभी जिला रजिस्ट्री कार्यालयों में इसकी तैयारी शुरू हो गई है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अप्रूव्ड लेआउट की कापी होने पर ही रजिस्ट्री होगी। अभी तक ले-आउट का अप्रूवल देखे बगैर ही सीधे रजिस्ट्री कर दी जाती थी। शासन के नए आदेश के बाद अब अवैध प्लाटिंग पर पूरी तरह रोक लग जाएगी। इसके पहले अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने 2014 में शासन ने आदेश जारी कर 5 डिसमिल से कम जमीन की बिक्री पर रोक लगाई थी। इस आदेश के बावजूद जमीन की अवैध प्लाटिंग पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई। अब प्लाट की खरीद-बिक्री के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अप्रूवल कराना अनिवार्य कर दिया गया है। ले-आउट अप्रूवल होने पर प्लाट की बिक्री होने पर उस एरिया में चौड़ी सड़क, गार्डन और ड्रेनेज सिस्टम का प्रावधान नियमानुसार किया जाएगा। अभी सड़क की जमीन भी भूमाफिया बेचते हैं। शासन को पीएम आवास के लिए ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए पर्याप्त जमीन मिलेगी। अभी तक ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 15 प्रतिशत जमीन छोड़े बगैर पूरी जमीन बेच दी जाती है। ले-आउट एप्रूवल होने पर बिल्डिंग परमिशन आसानी से मिलेगी। एप्रूव न होने के कारण नगरीय निकाय से परमिशन नहीं मिलती थी। लोगों के लिए राहत वाली बात है।

### अप्रूवल कराने अब छोड़ना होगा 55 प्रतिशत तक जमीन

जमीन की प्लाटिंग करने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से लेआउट अप्रूव कराना जरूरी है। अप्रूवल के लिए सड़क, नाली, गार्डन के लिए 55 फीसदी जमीन रिजर्व रखनी पड़ती है। बाकी बची 45 प्रतिशत जमीन पर ही प्लाटिंग कर बेचा जा सकता है। जबकि, कालोनाइजर 15 प्रतिशत भूखंड छोड़कर प्लाटिंग कर देते हैं। ले-आउट के बिना पहले भी रजिस्ट्री नहीं होती थी। लेकिन, कुछ लोग रजिस्ट्री कार्यालय में गलत तरीके से रजिस्ट्री करा लेते थे। नगर पंचायत बसना क्षेत्रान्तर्गत अवैध कालोनी बनाई गई है, जिसकी शिकायत प्राप्त हुई। उसके बाद नगर पंचायत हरकत में आई है। दो दिवसीय के भीतर कालोनाइजर एक्ट के तहत अनुमति ली गई है या प्रकियाधीन है तो कालोनी से संबंधित समस्त दस्तावेज नक्शा, खसरा पालिका की अनुमति, नगर निवेश की अनुमति, ले-आउट की कॉपी सूचना प्राप्ति के 02 दिवस के भीतर इस कार्यालय में आकर अपने समस्त दस्तावेजों का जांच कराने कहा गया है। ताकि न की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही करते हुए समस्त कालोनियों का नियमितिकरण किया जा सके। अथवा पत्र के प्राप्ति उपरांत आपके द्वारा अगर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का परीक्षण ना कराया गया तो यह माना जाएगा कि अवैध कालोनी बनाई गयी है। पालिका द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं होंगे।

## नालियों का पानी सड़क पर बह रहा, सफाई कर्मचारियों को लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए नगर पालिका का अमला मंगलवार की सुबह निकला। इस दौरान कौशिक कॉलोनी में नालियों की सफाई नहीं होने की वजह से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ मिला। सीएमओ टॉमसन रात्रे ने मौके पर ही कर्मचारियों की फटकार लगाई। बाद नालियों की सफाई कराई। इधर, सीएमओ ने स्वच्छता टीम के साथ कालेज रोड का भी निरीक्षण किया। शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका की टीम हर रोज सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करती है। इसी के तहत सीएमओ टॉमसन रात्रे सहित नगर पालिका का अमला सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवार की सुबह निकले। इस दौरान कौशिक कॉलोनी में जलभराव की स्थिति थी। इसके पीछे की वजह यह थी कि भवन निर्माण सामाग्री नाली में गिरने से नाली जाम हो गई थी। सफाई व्यवस्था को लेकर सीएमओ ने सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि वह सतत मॉनीटरिंग कर रोज रिपोर्ट दें।

## खबर संक्षेप



### परकोम में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 7 से



**नर्रा।** ग्राम परकोम में स्व. देवी प्रसाद चतुर्वेदी, स्व. नर्मदा, स्व. दुखवा प्रसाद, रामनारायण चतुर्वेदी एवं स्व. बलदाऊ पांडे की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 7 जून शुक्रवार से 15 जून शनिवार 2024 तक रखा गया है। कथावाचक पंडित सुरेन्द्र तिवारी धरमबांधा पतोरा ओडिशा एवं परायणकर्ता मनोज तिवारी होंगे। आयोजक व मुख्य यजमान किशोर चतुर्वेदी, जानकी, बिमला चतुर्वेदी होंगे। कथा का समय दोपहर 2 बजे से होगा।

### खदरही बांध में निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप जारी

**महासमुंद।** जिले के विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत खदरही बांध में मरम्मत कार्य किया जा रहा है। ग्राम गाड़ाघाट के सरपंच सहित ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य व्यय प्राक्कलन के अनुरूप ही कृषि विभाग द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामवासियों द्वारा तहसीलदार बागबाहरा को खदरही बांध में अतिक्रमण के विषय में आवेदन किया गया है, ना कि खदरही बांध में मरम्मत कार्य में हो रही गड़बड़ी के संबंध में। समस्त ग्रामवासियों के प्रस्तुत आवेदन में प्रगतिरत निर्माण कार्य में कोई आपत्ति नहीं की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कृषि उप संचालक को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

## पेयजल समस्या निराकरण के लिए सीएमओ से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के विभिन्न वार्डों में व्याप्त जल संकट की समस्या के निराकरण के लिए नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे से मुलाकात कर शीघ्र उचित पहल की बात कही।



साहू ने कहा कि अनेक वार्डों में नलों से गंदा पानी आने की शिकायत मिल रही है। इसके अलावा नलों से पानी नहीं निकलने तथा कहीं कहीं धार इतनी पतली आ रही है, इससे लोगों को बाल्टी भर पानी तक नसीब नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि लोगों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना पालिका का दायित्व है, जिसका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने सीएमओ से कहा कि शीघ्र ही संबंधित क्षेत्रों में मिल रहे शिकायतों का निराकरण कराएं। जिससे इस भीषण गर्मी में नगर वासियों को समुचित रूप से शुद्ध जल मिल सके। इस अवसर पर पार्षद देवीचंद राठी भी उपस्थित रहे।


## नवकिरण में फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा प्रभात मलिक

- फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस सुबह 7 बजे से 10 बजे तक


कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस को ध्यान में रखते 1 जून 2024 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में नवकिरण




अकादमी के समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखकर पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 जून 2024 से सायःकालीन में शाम 4 से 7 बजे तक क्लास संचालित होगी। अन्य क्लासेस पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं पीएससी मैंस की क्लासेस सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं टेट, सहायक शिक्षक-शिक्षक भर्ती की क्लासेस शाम 4 बजे से 7 बजे तक संचालित हो रही है। कोचिंग में प्रवेश प्राप्त करने एवं जानकारी के लिए कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

## निधन

### बृजलाल साहू



**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली निवासी बृजलाल साहू (65) का 29 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 मई को सुबह गृहग्राम में किया गया। अंतिम यात्रा में आसपास के सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद रहे।

## जिपं सीईओ ने सिंघोड़ा में स्वीकृत तलीबंद तालाब गहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ग्रामीणों के बीच मास्टर रोल का किया वाचन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक ने ग्राम पंचायत सिंघोड़ा में स्वीकृत तलीबंद तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में गाद निकालने के लिए किसानों एवं



ग्रामीणों द्वारा स्वयं के खर्च से अपने खेतों में उपयोग के लिए मशीन से खुदाई करवाया गया है। जिसमें ग्रामीणों को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। सीईओ एस आलोक द्वारा पूर्व में हुए साफ-सफाई का कार्य एवं पानी निकासी कार्य के मास्टर रोल का वाचन किया गया।

ग्रामीणों एवं मजदूरों से जवाब तलब करने ग्रामीणों द्वारा कार्य सही तरीके से करना बतलाया गया। वर्तमान में जेसीबी मशीन से गाद निकालने का कार्य ग्रामीणों के आम सहमति से स्वयं के व्यय से करवाया गया है। इसमें मनरेगा योजना की राशि का उपयोग नहीं किया गया है। इस कार्य के लिए गांव में किसी भी ग्रामीणों, मजदूरों एवं किसानों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।

## होटलों में जलाए जा रहे कोयला व लकड़ी के चूल्हे को पालिका ने किया ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदूषण रोकने के लिए नगर पालिका ने शहर के होटलों में कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे जलाने पर प्रतिबंध लगा है। बावजूद होटलों में खुलेआम ऐसे चूल्हे का प्रयोग किया जा रहा है। बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने टीम के साथ तुमगांव रोड में स्थित होटलों में जलाए जा रहे कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे को ध्वस्त किया और दुकानदारों को भविष्य में ऐसे चूल्हे का प्रयोग करने पर जुर्माना के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि शहर में प्रदूषण रोकने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत शहरी क्षेत्र के होटलों एवं फुटपाथी चाय एवं नाश्ते की दुकानों में कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। ताकि, शहर के लोग प्रदूषण का शिकार कम हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सफाई विभाग के जीतू सोनी, विकास यादव आदि मौजूद रहे।

## रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल में टेबुलेशन एवं अन्य कार्य किए जाने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 महासमुंद का मतगणना कार्य 04 जून 2024 को प्रातः 06 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर पिटियाझर में किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल में टेबुलेशन एवं अन्य कार्य किए जाने के लिए डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें सहायक अधिकारी के रूप में पंकज मिश्रा कार्यपालन अभियंता छग गृह निर्माण मंडल, सहायक टेबुलेशन अधिकारी के रूप में विजेन्द्र पाल सिंह सहायक संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी एवं सहायक के रूप में ललित कुमार साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर, अवध साहू वाचक न्यायालय कलेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह फोटो कॉपी कार्य के लिए मनीष कुमार नंदे सहायक वर्ग 03 एवं अन्य कार्य के लिए सूरज शर्मा भृत्य व पवन कन्नौजे भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि में नियत समय पर उपस्थित होने निर्देशित किया है।

## रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट व रविशंकर शुक्ल विवि के प्रतिनिधियों ने की नवकिरण अकादमी में छात्रों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग नवकिरण अकादमी में रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट रायपुर के प्रतिनिधि प्रो. भीष्म कुमार साहू और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि प्रो. चितरंजन साहू द्वारा योग शिक्षा के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। साथ ही योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं इसके बारे में चर्चा की गई। आगामी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा की गई। साथ ही प्रश्नोत्तरी के दौरान विद्यार्थियों द्वारा योग संबंधी




प्रश्न पूछे गए जिनके जवाब भी दिए गए। रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट रायपुर एवं पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि द्वारा ग्रंथालय का भी अवलोकन किया गया। प्रतिनिधि द्वारा ग्रंथालय में रखी गई पुस्तकों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

मुख्य रूप से प्रीति साहू (योग शिक्षक) गोल्ड मेडल विजेता अंतरराष्ट्रीय इंडो-नेपाल योग प्रतिस्पर्धा काठमांडू नेपाल, डी बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी, किरण कन्नौजे, चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, राजदीप साहू, सौरभ जैन, शिवराज देवांगन, यश चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, परस साहू, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मतगणना पर्यवेक्षक तथा सहायकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना कार्य में ईवीएम से मतगणना करने के लिए कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक द्वारा मतगणना पर्यवेक्षक तथा मतगणना सहायकों की नियुक्ति की गई है। जिन्हें जिला मुख्यालय में दो दिनों तक कुल तीन पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना का कार्य बहुत ही जिम्मेदारी और सावधानीपूर्वक किया जाने वाला कार्य है। मतगणना कार्य में थोड़ी सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि आप सहज और सजग होकर अपना कार्य करें। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पॉइंट



प्रेजेंटेशन तथा प्रायोगिक रूप से प्रशिक्षण देते हुए बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 18 से लेकर 21 राउंड में मतगणना होगी। प्रत्येक राउंड में मतगणना टेबल पर संबंधित मतदान केंद्र का केवल कंट्रोल यूनिट लाया जाएगा। जिसके साथ मतपत्र लेखा 17 सी की मूल प्रति भी रहेगी। मतगणना प्रारंभ करने से पहले एड्रेस टैग, हरीपत्र मुद्रा आदि की जांच करने के बाद कंट्रोल यूनिट का स्विच ऑन किया जाएगा तथा टोटल बटन दबाकर डाले गए मतों की संख्या देखी जाएगी। पश्चात पेपर सील तथा रिजल्ट सेक्शन के एड्रेस टैग को काटकर रिजल्ट बटन को दबाया जाएगा। इससे मशीन के डिस्प्ले सेक्शन में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त मतों की संख्या क्रम से प्रदर्शित होने लगेगी। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य पूर्ण रूप से पारदर्शिता पूर्वक किया जाने वाला कार्य है। अतः डिस्प्ले सेक्शन में दिखाई दे रहे परिणाम को टेबल में तैनात मतगणना अभिकर्ताओं को भी दिखाया जाएगा। इस परिणाम को मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा मतपत्र लेखा 17 सी के भाग दो में सावधानी पूर्वक लिखा जाएगा। जिसमें अभिकर्ताओं का हस्ताक्षर भी कराना होगा। इसकी एक प्रति सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल में प्रविष्टि के लिए भेज दी जाएगी तथा दूसरी प्रति की फोटो कॉपी कराने के बाद प्रत्येक अभिकर्ताओं को एक-एक प्रति प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, एसडीएम उमेश साहू, सृष्टि चंद्राकर, ओंकारेश्वर सिंह, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा आदि मौजूद रहे।

